दिनांकः 04.12.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में आज से देशभर में सौ दिवसीय जागरुकता अभियान की शुरूआत।
- किशनगढ़ हवाई अड्डे को जयपुर का वैकल्पिक एयरपोर्ट बनाया जाएगा।
- खेलो इण्डिया युनिवर्सिटी गेम्स कल सम्पन्न होगें– चण्डीगढ युनिवर्सिटी 56 मेडल के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर।
- प्रदेश के शेखावाटी इलाकों में न्यूनतम तापमान में गिरावट– फतेहपुर में पारा गिरकर डेढ डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा।

00

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में आज से सौ दिवसीय जागरुकता अभियान शुरू होगा। अगले वर्ष 8 मार्च तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य बाल विवाह के खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन को मजबूत करने के लिए नागरिकों, संस्थाओं और सामुदायिक नेताओं को संगठित करना है। केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी नई दिल्ली में इसका शुभारंभ करेंगी। कार्यक्रम का सरकारी वेबकास्ट प्लेटफॉर्म पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस अभियान को तीन चरणों में बांटा गया है। पहले चरण में स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में वाद–विवाद, निबंध, संवाद सत्र आयोजित किये जायेगें। दूसरे चरण में बाल अधिकार और संरक्षण से जुड़े संदेशों के प्रसार के लिए धर्मगुरुओं और प्रभावशाली लोगों को साथ लाया जाएगा। तीसरे चरण में ग्राम पंचायतों और नगरपालिका वार्डों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने के प्रस्ताव पारित करने के लिए प्रोत्साहित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। प्रदेश में भी विभिन्न जिला और ब्लॉक स्तर के अधिकारी राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रम से वर्चुअल माध्यम से जुड़ेगें। करौली से हमारे संवाददाता ने बताया कि अभियान को लेकर जिले में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

....

000

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने तपेदिक रोग यानी टीबी उन्मूलन में देश के प्रयासों में प्रगति की सराहना की है। उन्होंने कहा कि 2015 से 2024 के बीच तपेदिक के मामलों में 21 प्रतिशत की कमी आई है जो वैश्विक दर का लगभग दोगुना है। टीबी मुक्त भारत के बारे में नई दिल्ली में बैठक के दौरान श्री नड्डा ने कहा कि 90 प्रतिशत उपचार सफलता दर के साथ भारत 88 प्रतिशत के वैश्विक औसत से आगे बढ गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्रत्यक्ष लाभ अन्तरण योजना से मरीजों को अपने रोजाना में पोषण और अन्य जरूरतों को पूरा करने में मदद मिल रही है।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज से जोधपुर के दो दिन के प्रवास पर रहेंगे। वे जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भाग लेगें। उनका एसएन मेडिकल कॉलेज में अधिकारियों के

साथ बैठक का भी कार्यक्रम है। राज्यपाल कल डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय में बैठक लेंगे।

000

किशनगढ़ हवाई अड्ड़े को जयपुर का वैकल्पिक ऐयरपोर्ट बनाया जाएगा। इसके लिए राज्य मंत्रिमण्डल ने कल 15 एकड़ भूमि के आवंटन प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि इससे उड़ानों की संख्या में बढोतरी होगी, साथ ही पर्यटन, औद्योगिक विकास और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

....

000

प्रदेश में बारिश के पानी के संरक्षण के लिये 25 हज़ार फार्म पौंड और 10 हजार डिग्गी बनायी जाएंगी। कृषि और उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने बताया कि इसके अलावा 50,000 स्थायी वर्मीकम्पोस्ट इकाइयाँ बनाई जायेंगी। इसका उद्देश्य सिंचित क्षेत्र और किसानों की आय में वृद्धि करना है। जंगली जानवरों से फसलों को बचाने के लिये 75,000 खेतों पर तारबंदी करवाने की घोषणा भी की गई है। इन कार्यों के लिए राज्य सरकार ने कृषि विभाग को 250 करोड़ रूपये की राशि उपलब्ध कराई है।

000

राजस्थान में चल रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में चंडीगढ यूनिवर्सिटी ने कल बडा उलटफेर करते हुए 12 पदक अपने नाम किये। ये यूनिवर्सिटी अब 34 स्वर्ण सहित कुल 56 मैडल जीतकर पदक तालिका में शीर्ष पर आ गयी है।

....

000

प्रदेश में सर्दी के असर में बढोतरी हुई है। बीते चौबीस घंटों में शेखावाटी क्षेत्र में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। सीकर के फतेहपुर कृषि अनुसंधान केन्द्र के अनुसार वहां रात का पारा लुढक कर डेढ डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। मौसम विभाग ने शेखावाटी क्षेत्र में अगले दो–तीन दिन कहीं–कहीं शीतलहर चलने की संभावना जताई है। साथ ही राज्य के उत्तरी हिस्सों में अगले एक दो दिन तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होने की संभावना है।

000

सर्दी की शुरूआत के साथ थार मरूस्थल में विभिन्न प्रजातियों के प्रवासी पक्षियों की आवक बढ़ गई है। इन दिनों उत्तरी रूस, यूरोप, मंगोलिया, मध्य एशिया और कजाकिस्तान सहित अन्य ठण्डे इलाकों से दुर्लभ गिद्ध जैसलमेर में डेरा डाले हुए हैं।

....

000

राज्य के पेंशनर्स और पारिवारिक पेंशनर्स के लिए जीवन प्रमाण पत्र पेश करने की तारीख बढ़ाकर 20 दिसंबर कर दी गई है। निदेशालय पेंशन और पेंशनर्स वैलफेयर विभाग के निदेशक महेंद्र सिंह भूकर ने बताया कि अब पेंशनर्स आईएफएमएस 3.0 के माध्यम से अपनी एसएसओ आईडी पर अपना प्रमाण पत्र आसानी से बनवा सकते हैं। इसके अलावा, पेंशनर्स संबंधित कोषालय या संभागीय पेंशन कार्यालय में भी उपस्थित हो सकते हैं।

000

राज्य सरकार ने संशोधित अधिसूचना जारी कर प्रदेश के 6 जिलों की 19 तहसीलों को अभावग्रस्त श्रेणी से बाहर कर दिया है। हटाए गई तहसीलों में भरतपुर की भुसावर, बूंदी की तालेड़ा और बूंदी, बांसवाड़ा की अंबापुरा, छोटी सरवन और सज्जनगढ़ तहसील शामिल हैं। राजसमंद, सलूंबर और हनुमानगढ़ जिलों की कुछ तहसीलों को भी इस श्रेणी से बाहर किया गया है।

000